## बिहार स्पेशल

### उत्तर बिहार में रेलवे दोहरीकरण परियोजना

**चर्चा में क्यों?**

आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (CCEA) ने निम्नलिखित रेलवे खंडों के दोहरीकरण को मंजूरी दे दी है:

- **नरकटियागंज-रक्सौल-सीतामढ़ी-दरभंगा और सीतामढी-मुजफ्फरपुर सेक्शन।**
  - यह खंड कुल **256 किलोमीटर** लम्बा है।

**परियोजना के लाभ:**

- **नरकटियागंज-रक्सौल, सीतामढ़ी-दरभंगा और सीतामढ़ी-दरभंगा** रूट पर रेलवे लाइन का दोहरीकरण के बिहार के **168 गांव के 12 लाख** लोगों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी और **9 नये रेलवे स्टेशन** का निर्माण होगा।
- इस मल्टी ट्रैकिंग प्रोजेक्ट से राज्य के दो आकांक्षी जिलों सीतामढ़ी और मुजफ्फरपुर में कनेक्टिविटी मजबूत होगी और इससे **388 गांव के 9 लाख** लोगों को फायदा होगा।
- यह रूट **कृषि उत्पाद, उर्वरक, कोयला, लौह अयस्क, स्टील, सीमेंट** जैसे उत्पादों के परिवहन के लिए काफी महत्वपूर्ण है।
- यह मिथिलांचल से नेपाल, पूर्वोत्तर भारत और सीमावर्ती क्षेत्रों तक कनेक्टिविटी को मजबूत करेगा, जिससे यात्री और मालगाडी दोनों की आवाजाही में सुविधा होगी।
- एक **नया बागमती पुल** भी योजना का हिस्सा है, जो उत्तर बिहार और मिथिलांचल क्षेत्र में बंदरगाह कनेक्टिविटी में काफी सुधार करेगा।
- इससे उत्तर पूर्व की ओर परिवहन सुगम हो जाएगा और धार्मिक गलियारे के विकास में योगदान मिलेगा।

## पर्यावरण एवं भूगोल

### ग्राम पंचायत स्तर पर मौसम पूर्वानुमान

**चर्चा में क्यों?**

केंद्र सरकार ने ग्राम पंचायत स्तर पर **मौसम पूर्वानुमान** शुरू किया है।

**इस पहल के बारे में:**

- इसे पंचायती राज मंत्रालय (MoPR) और भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD), पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (MoES) के बीच सहयोग से विकसित किया गया है।
- यह ग्राम पंचायतों को **पांच दिवसीय मौसम पूर्वानुमान** और प्रति घंटे अपडेट उपलब्ध कराएगा।
- **महत्व:**
  - यह जमीनी स्तर पर जलवायु तैयारियों की दिशा में एक बड़ा कदम है।
  - यह ग्रामीण समुदायों को कृषि गतिविधियों की बेहतर योजना बनाने और मौसम संबंधी जोखिमों के लिए तैयार रहने में सक्षम बनाएगा।




## विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

### नई मिसाइल परीक्षण रेंज

**चर्चा में क्यों?**

सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (CCS) ने नई मिसाइल परीक्षण रेंज की स्थापना को मंजूरी दे दी है।

- यह **आंध्र प्रदेश के नागयालंका** में स्थापित की जाएगी।
- **उद्देश्य:** देश की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करना, विशेष रूप से सामरिक मिसाइल प्रणालियों के परीक्षण में।

**नई मिसाइल परीक्षण रेंज के बारे में:**



- यह रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) के तहत सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों, एंटी टैंक मिसाइलों और अन्य परियोजनाओं के परीक्षण में सहायता करेगी।

## अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए वेंचर कैपिटल फंड

**चर्चा में क्यों?**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इन-स्पेस( IN-SPACe) के तत्वाधान में अंतरिक्ष क्षेत्र को समर्पित **1000 करोड़ रुपये** के **वेंचर कैपिटल फंड** की स्थापना को मंजूरी दे दी है।

- **उद्देश्य:** इसका उद्देश्य रणनीतिक रूप से भारत को अग्रणी अंतरिक्ष अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में स्थापित करना है।

**फंड के बारे में:**

- यह निवेशकों का विश्वास बढ़ाएगा, निजी पूंजी को आकर्षित करेगा और अंतरिक्ष सुधारों को आगे बढ़ाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता का संकेत देगा।
- यह सेबी विनियमों के तहत एक वैकल्पिक निवेश कोष के रूप में काम करेगा, जो स्टार्टअप्स को शुरुआती चरण की इक्विटी प्रदान करेगा और उन्हें आगे के निजी इक्विटी निवेशों के लिए सक्षम करेगा।

**इन-स्पेस**

- भारत सरकार ने अपने **2020 अंतरिक्ष क्षेत्र** सुधारों के हिस्से के रूप में, अंतरिक्ष गतिविधियों में निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा देने और उसकी देखरेख करने के लिए इन-स्पेस की स्थापना की।

# रक्षा एवं सुरक्षा

## सिम्बेक्स 2024

**चर्चा में क्यों?**

**सिंगापुर भारत समुद्री द्विपक्षीय अभ्यास (सिम्बेक्स)** का **31वां संस्करण** विशाखापत्तनम में पूर्वी नौसेना कमान में शुरू हुआ।

- **सिम्बेक्स 24** की शुरुआत को चिह्नित करने के लिए उद्घाटन समारोह आईएनएस शिवालिक पर आयोजित किया गया।
- यह **दो चरणों** में आयोजित किया जाएगा:
  - बंदरगाह चरण 23 से 25 अक्टूबर 2024 तक विशाखापत्तनम में।
  - समुद्री चरण 28 से 29 अक्टूबर 2024 तक बंगाल की खाड़ी में।

**अभ्यास का उद्देश्य**

- अंतर-संचालन क्षमता को बढ़ाकर, समुद्री डोमेन जागरूकता में सुधार करके और आम समुद्री चुनौतियों का समाधान करने के लिए सहयोग को बढ़ावा देकर **भारत और सिंगापुर** के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करना।
- **अभ्यास का इतिहास**: इसकी शुरुआत **1994** में **'एक्सरसाइज लायन किंग'** के रूप में हुई थी।



## पहला भारत-जर्मनी समुद्री साझेदारी अभ्यास

### चर्चा में क्यों?

भारतीय नौसेना के विध्वंसक **आईएनएस दिल्ली**, जर्मन नौसेना के फ्रिगेट बाडेन-वुर्टेमबर्ग और टैंकर फ्रेंकफर्ट एम मेन ने हिंद महासागर में समुद्री साझेदारी अभ्यास (एमपीएक्स) किया।



- यह पहला **भारत-जर्मनी समुद्री साझेदारी** अभ्यास था।
- **उद्देश्य:** दोनों देशों के बीच समुद्री संपर्क को मजबूत करना और नौसेनाओं के बीच अंतर-संचालन क्षमता को बढ़ाना।
- आईएनएस दिल्ली अपने वर्ग के निर्देशित मिसाइल विध्वंसक जहाजों का प्रमुख जहाज है और भारतीय नौसेना के पूर्वी बेड़े का हिस्सा है।

## खेल

## टी20 क्रिकेट में सबसे बड़ा स्कोर

### चर्चा में क्यों?

जिम्बाब्वे ने पुरुषों के **टी20 अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट** में सबसे बड़े स्कोर का रिकॉर्ड तोड़ दिया।

- ICC पुरुष T20 विश्व कप उप-क्षेत्रीय **अफ्रीका क्वालीफायर ग्रुप बी** के दौरान गाम्बिया के खिलाफ़ 20 ओवरों में 344/4 का स्कोर बनाया।
- पिछला रिकॉर्ड **नेपाल** के नाम था, जिसने **2023 में एशियाई खेलों** में **मंगोलिया** के खिलाफ़ **314/3** का स्कोर बनाया था।




## रानी रामपाल

### चर्चा में क्यों?

भारतीय महिला हॉकी की दिग्गज रानी रामपाल ने खिलाड़ी के तौर पर संन्यास की घोषणा की है।

### रानी रामपाल के बारे में:

- उन्होंने **2008 में कज़ान** में ओलंपिक क्वालीफायर के दौरान सिर्फ़ **14 साल की उम्र** में अपना डेब्यू किया था।
- वह हॉकी में सीनियर लेवल पर **भारत का प्रतिनिधित्व** करने वाली सबसे कम उम्र की महिला बनीं।
- उन्होंने अपने डेब्यू के बाद से **254 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले** और 120 गोल किए।
- **सम्मान:**
  - रानी रामपाल के भारतीय हॉकी में उल्लेखनीय योगदान को सम्मानित करने लिए हॉकी इंडिया ने उनकी प्रतिष्ठित नंबर **28 जर्सी** को रिटायर कर दिया।



## चर्चित व्यक्तित्व

### डॉ. हिमांशु पाठक

**चर्चा में क्यों?**

डॉ. हिमांशु पाठक को **अर्ध-शुष्क उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों** के लिए अंतर्राष्ट्रीय फसल अनुसंधान संस्थान (ICRISAT) के महानिदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है।

- वह वर्तमान में **कृषि अनुसंधान और शिक्षा विभाग (DARE)** के सचिव और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) के महानिदेशक के रूप में कार्य करते हैं।

**ICRISAT के बारे में:**

- यह एक अग्रणी, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त अंतर्राष्ट्रीय संगठन है जो निम्न के लिए प्रतिबद्ध है:
  - **भूख, कुपोषण, गरीबी और पर्यावरणीय गिरावट** की चुनौतियों का समाधान करने के लिए शुष्क भूमि खेती और कृषि-खाद्य प्रणालियों का विकास और सुधार करना।
- इसकी स्थापना **28 मार्च 1972** को भारत सरकार और CGIAR के बीच एक समझौता ज्ञापन के तहत की गई थी।
- इसका मुख्यालय **पटनचेरू, हैदराबाद, तेलंगाना** में है।



## News in Short

- भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम नवीनतम **फीफा रैंकिंग** में एक स्थान ऊपर चढ़कर **125वें स्थान** पर पहुंच गई है।
- केंद्रीय खेल मंत्रालय ने घोषणा की है कि वह 2024 में आजीवन उपलब्धि के लिए **ध्यानचंद पुरस्कार बंद** कर देगा।
  - देश के विभिन्न खेल सम्मानों को "**तर्कसंगत**" बनाने के लिए यह इसके स्थान पर आजीवन **अर्जुन पुरस्कार** शुरू करेगा।
- पांच बार की एकल ग्रैंड स्लैम चैंपियन **मारिया शारापोवा** और अमेरिकी जुड़वां **बॉब और माइक ब्रायन** को **इंटरनेशनल टेनिस हॉल ऑफ फेम की 2025** की क्लास में नामित किया गया है।

PW Web/App: https://smart.link/7wwosivoicgd4
For more such content, subscribe to our Telegram Channelhttps://t.me/pw_upsc
PSC WALLAH